रिपोर्ट

लैंगिक समानता जागरूकता अभियान

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश धर्मशाला में मंगलवार 28 मार्च , 2023 को विश्वविद्यालय परिसर - 1 में “लैंगिक समानता जागरूकता अभियान” कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया | समन्वयक डॉ. प्रिया शर्मा , सहायक आचार्य हिंदी विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ने मुख्य भूमिका निभाई | विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के छात्र - छात्राओं ने लैंगिंक समानता पर पोस्टर बनाए | छात्र - छात्राओं द्वारा बनाए गए लैंगिक समानता के पोस्टर विश्वविद्यालय परिसर - 1 की दीवारों पर लगाए गए । इस उपलक्ष्य पर कार्यक्रम के समन्वयक , डॉक्टर प्रिया शर्मा और सह समन्वयक , डॉ प्रीति सिंह , हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष , डॉ मलकीयत सिंह, सह प्राध्यापक डॉ अशोक , मुख्य रूप से उपस्थित रहे । पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम में हिंदी विभाग के स्नातकोतर के विद्यार्थियों अक्षय कुमार , हिना कुमारी , सोनिया , अनामिका , सुमेधा , सोनाली ने प्रमुख रूप से भाग लिया और लैंगिक समानता के विषय पर बेहतरीन पोस्टर तैयार किए | उन सब विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर - 1 की दीवारों पर पोस्टर लगाए | छात्र छात्राओं ने लैंगिक समानता जागरूकता अभियान के उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने पोस्टर मेकिंग के साथ - साथ यह बताने का प्रयास किया कि समाज में महिलाएं और पुरुष एक समान ही हैं | दोनों को एक नजर से देखना चाहिए | मुख्य समन्वयक डॉ प्रिया जी ने बताया कि विद्यार्थियों को हमेशा इस प्रकार के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना चाहिए , ताकि समाज में वो एक आदर्श भूमिका स्थापित कर सकें | वास्तव में भारतीय समाज तब उन्नति करेगा जब महिलाओं और पुरुषों को एक समान समझा जाएगा और उन्हें एक सम्मान अधिकार दिए जाएंगे |

स्पर्श समिति

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला